भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

Azadi Ka Amrit Mahotsav

भारत 2023 INDIA

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 06.03.2023

आरेडिका ने की अंतर रेलवे ड्रामा प्रतियोगिता–2022 में सहभागिता

अंतर रेलवे ड्रामा प्रतियोगिता 2022 का आयोजन 2 मार्च 2023 से 4 मार्च 2023 तक जबलपुर में पश्चिम मध्य रेलवे द्वारा किया गया । जिसमें भारतीय रेलवे की क्षेत्रीय रेलवे एवं उत्पादन इकाइयों की 21 टीमों ने भाग लिया जिसमें सांस्कृतिक संगठन, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली के अध्यक्ष श्री संदीप शुक्ला, मुख्य सामग्री प्रबंधक की प्रेरणा से आरेडिका की टीम ने भी दल प्रबंधक श्री अमिय श्रीवास्तव के नेतृत्व में अपनी सहभागिता की।

जिसमें सत्यवादी हरिश्चंद्र के जीवन पर आधारित नाटक " सत्य की परीक्षा " का मंचन श्री विशेश्वर कुमार के निर्देशन में किया । जिसमें राजा हरिश्चंद्र के पुत्र रोहित का किरदार निभाने वाले बाल कलाकार राघवेंद्र प्रताप सिंह पुत्र श्री राजेश कुमार सिंह को श्रेष्ठ बाल कलाकार का पुरस्कार दिया गया। इस नाटक में हरिश्चंद्र की भूमिका श्री विशेश्वर प्रसाद, डोम राजा की भूमिका श्री अंगद कुशवाहा, महर्षि विश्वामित्र की भूमिका श्री विवेकानंद व्यास, सेठ की भूमिका में श्री अरविंद ओझा, सिपाही की भूमिका में श्री राजेश कुमार सिंह एवं रोहित की भूमिका मास्टर राघवेंद्र प्रताप सिंह द्वारा की गई साथ ही महारानी तारामती की भूमिका सुश्री शालिनी शुक्ला एवं सेठानी की भूमिका सुश्री रेणुका मिश्रा द्वारा की गई ।

इसके अतिरिक्त मंच से परे श्री आदित्य प्रकाश द्वारा वेशभूषा, श्री ज्ञान प्रकाश द्वारा मंच सज्जा, श्री राजेंद्र वर्मा द्वारा विद्युत व्यवस्था एवं श्री दीपक राजस्थानी द्वारा ध्वनि व्यवस्था संभाली गई ।

महाप्रबंधक श्री एस.एस. कलसी ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ दी एवं बाल कलाकार राघवेंद्र प्रताप सिंह पुत्र श्री राजेश कुमार सिंह को श्रेष्ठ बाल कलाकार पुरस्कार पुरसकार जीतने की बधाई दी।

06/03/23

(अनिल कुमार श्रीवास्तव)
जनसंपर्क अधिकारी